**अर्द्धवार्षिक परीक्षा - 2023**
**कक्षा – 12 (सेट A)**
**विषय - हिन्दी**

**समय – 3 घंटा** **पूर्णांक – 80**

**निर्देश :-**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।
iii. प्रश्न कमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं।
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
v. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।
vi. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।
vii. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

---

**1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए -** **(1x6=6)**

i. पतंग कविता किसके लिए प्रसिद्ध है ?
(क) प्रतीकों के लिए (ख ) चित्र विधान के लिए (ग )बिम्ब विधान के लिए (घ )व्यंग्यार्थ के लिए

ii. 'खरगोश के आंखों जैसा लाल' में कौन- सा अलंकार है ?
(क) अनुप्रास (ख) उपमा (ग) रूपक (घ) उत्प्रेक्षा

iii. निबन्ध 'बाजारदर्शन' में पैसे को क्या कहा गया है ?
(क) हाथ की मैल (ख) शैतान का जाल (ग) चकाचौंध (घ) पॉवर

iv. जिस वाक्य में एक ही संज्ञा और क्रिया का प्रयोग होता है, उसे क्या कहते हैं ?
(क) सरल वाक्य (स) मिश्र वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (घ) भिन्न वाक्य

v. 'जूझ' कहानी के लेखक कौन हैं ?
(क) मनोहर श्याम जोशी (ख) ओम थानवी (ग) एन फ्रेंक (घ) विष्णु खरे

vi. निम्न में से किसका सम्बन्ध कविता से नहीं है ?
(क) शब्द (ख) भाषा (ग) छंद (घ) वाद्य यंत्र

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए –** **(1x6=6)**

i. एक बंद कमरे में ---------को लाया गया। ( भिखारी / अपाहिज / (नायक)
ii. -------छंद में गण होते हैं। (वर्णिक / मात्रिक / अलंकार)
iii. शिरीष पुष्प केवल -----------का कोमल दबाव सहन कर सकता है।
(भौंरों के पदों/ तोते के पदो/ चिड़िया के पदों)
iv. 'एक पंथ ------------'प्रसिद्ध मुहावरे है। ( दो काज /तीन काज / बिना काज )
v. सौंदलगेकर मास्टर------------- पढ़ाते थे। ( हिन्दी / मराठी /अंग्रेजी)
vi. दृश्य का -----------------------से गहरा सम्बन्ध होता है। (स्मृतियाँ / मुहावरा / लोकोक्ति)

**3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए** **(1x6=6)**

i. लक्ष्मण जी के लिए संजीवनी बूटी लेने अंगद गये थे।
ii. माधुर्य गुण का सम्बन्ध चित्त की उत्तेजना वृत्ति से है। ×
iii. शेर के बच्चे का असल नाम बादल सिंह पहलवान था। ×
iv. वे शब्द जो वाक्य में किसी शब्द के बाद बल देने के लिए लगाए जाते हैं वे निपात शब्द कहलाते हैं ✓
v. कवि भी अपने जैसा ही एक हाड़,मांस और क्रोध का समूह होता है ।

vi. कहानी का नाट्य रूपान्तरण असंभव है।

**4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए –** **(1x7 =7)**

| स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
|---|---|
| i रुबाइयाँ | (क) विस्मित करने वाली 3 |
| ii वात्सल्य रस | (ख) सम्पर्क भाषा 4 |
| iii भक्तिन की सहज बुद्धि | (ग) फिराख गोरखपुरी 1 |
| iv राष्ट्रभाषा | (घ) कथानक 6 |
| v 'जूझ' | (ड.) आनन्द यादव 5 |
| vi कहानी का केन्द्रीय बिन्दु | (च) वत्सल प्रेम 2 |
| vii रीतिकालीन कवि | (छ) भूषण |
| | (ज) मंच –सज्जा |
| | (झ) कबीर |

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –** **(1x7 =7**

i. 'बिहारी सतसई' किस काल की रचना है ?
ii. उषा का जादू कब टूटता है ?
iii. अभिधा शब्द शक्ति किसे कहते हैं ?
iv. ऋषि-मुनियों ने किसको सबसे ऊंचा स्थान दिया है ?
v. शब्द युग्म कितने प्रकार के होते हैं ? 3
vi. हर रविवार को किशनदा यशोधर बाबू के घर कितने बजे आया करते थे ?
vii. आमतौर पर नाटक की अवधि कितनी होनी चाहिए ?

6. प्रगतिवाद की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृत्तियाँ लिखिए। **(2 )**

अथवा

नई कविता की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृत्तियाँ लिखिए।

7. बादलों को 'विप्लव के बादल' क्यों कहा है? **(2 )**

अथवा

'कविता के बहाने' पाठ के आधार पर कविता की दो विशेषताएँ लिखिए।

8. दो महाकाव्य और उनके रचनाकारों के नाम लिखिए। **(2 )**

अथवा

दो खंडकाव्य और उनके रचनाकारों के नाम लिखिए।

9. भ्रांतिमान अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। **(2 )**

अथवा

सवैया छंद के लक्षण और एक उदाहरण लिखिए।

10. कहानी और उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए। **(2 )**

अथवा

रेखाचित्र और संस्मरण में कोई दो अंतर लिखिए।

11 'गगरी फूटी बैल पियासा' का आशय लिखिए। **(2 )**

अथवा

सुल्तन पहलवान की मेलों में क्या वेशभूषा रहती थी?

12. तकनीकी शब्द किसे कहते हैं? उदहारण सहित लिखिए। (2)

अथवा

मिश्रित वाक्य किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए ।

13. निम्नलिखित वाक्यों से निपात छाँटकर उनसे दो नये वाक्य बनाइए- (2)

i यानी चश्मा तो था लेकिन संगमरमर का नहीं था।

ii किसी स्थानीय कलाकार को ही अवसर देने का निर्णय किया गया होगा।

अथवा

लोकोक्ति किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए ।

14. 'जूझ' कहानी के आधार पर आपको कौन-कौन से जीवन मूल्य ग्रहण करने की प्रेरणा मिलती है?लिखिए। (2)

अथवा

'अतीत में दबे पांव' शीर्षक की सार्थकता के बारे में लिखिए ।

15. विशेष लेखन के प्रमुख क्षेत्रों के बारे में लिखिए। (2)

अथवा

प्रिंट माध्यम की प्रमुख सीमाएँ लिखिए।

16. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला **अथवा** तुलसीदास काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- (3)

i. दो रचनाएँ ii. भावपक्ष iii. कलापक्ष

17. धर्मवीर भारती **अथवा** जैनेन्द्र की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए -- (3)

i. दो रचनाएँ ii. भाषा-शैली iii. साहित्य में स्थान

18. निम्नलिखित कथन का सार संक्षेपण में लिखिए। (3)

" जिस व्यक्ति को अपने देश की भाषा का ज्ञान नहीं है, अपने रीति-रिवाजों और परंपराओं का परिचय नहीं, अपने देश की कला के प्रति आदर नहीं है और जो अपनी धार्मिक,आध्यात्मिक, निधि से गौरवान्वित नहीं है,वह निश्चित तौर पर नर नहीं, नर पशु है"।

अथवा

कंप्यूटर शिक्षकों की आवश्यकता हेतु एक विज्ञापन बनाकर लिखिए ।

19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (3)

समय का पर्याय काल तीन भागों में बांटा गया है भूत, वर्तमान एवं भविष्य काल ।आज अर्थात वर्तमान जो है वह आने वाले समय के लिए भूत की संज्ञा प्राप्त करता है और जो भविष्य के नाम से जाना जा रहा है और वह अपने आने वाले कल के लिए वर्तमान का रूप ले लेगा ।समय या वक्त को पकड़ा या रोका नहा जा सकता है। मानव को निर्धारित समय पर अपना काम कर लेना चाहिए वरना वक्त बीत जाने के बाद सिर्फ पछतावा करने के अलावा हाथ में कुछ नहीं रहता।यह विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है प्रत्येक सत्र में एक निश्चित कक्षा की परीक्षाएं निर्धारित होती है उस परीक्षा में प्रवेश करने की तैयारी पहले से आरंभ कर लेनी चाहिए और उस परीक्षा को निर्धारित समय पर देना चाहिए। यदि विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित हो जाए तो वह अगली कक्षा में प्रवेश नहीं कर पाएगा और अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत की कहावत चरितार्थ हो जाएगी ।जीवन में अच्छे अवसर बार बार नहीं आते हैं ।अवसर को हाथ से जाने नहीं देना ही

बुद्धिमानी है और यह समय की पाबंदी से ही संभव है। मानव मात्र को वक्त से पहले ही अपने लक्ष्य या कर्म को योजना बनाकर संपन्न कर लेना चाहिए।

प्रश्न -

i. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।
ii. गद्यांश के अनुसार बुद्धिमानी क्या है?
iii. गद्यांश में प्रयुक्त एक शब्द युग्म लिखिए।

**अथवा**

जो जल बाढ़ै नाव में, घर में बाढ़ै दाम,

दोनों हाथ उलीचिये, यहीं सयानों काम।

प्रश्न -

i नाव में पानी बढ़ने पर क्या करना चाहिए?

ii घर में संपत्ति बढ़ने पर क्या करना बुद्धिमानी है?

iii उपर्युक्त पंक्तियों का भावार्थ लिखिए ।

20. . निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ –प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिए – (4)

रात्रि की विभीषिका को सिर्फ पहलवान की ढोलक ही ललकारकर चुनौती देती रहती थी। पहलवान संध्या से सुबह तक, चाहे जिस खयाल से ढोलक बजाता हो, किंतु गाँव के अर्द्धमृत, औषधि उपचार- पथ्य-विहीन प्राणियों में वह संजीवनी शक्ति ही भरती थी। बूढ़े- बच्चे जवानों की शक्तिहीन आँखों के आगे दंगल का दृश्य नाचने लगता था। स्पंदन-शक्तिशून्य स्नायुओं में भी बिजली दौड़ जाती थी।

**अथवा**

जाड़े का दिन। अमावस्या की रात-ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयार्त्त शिशु की तरह थर-थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस-फूस की झोंपड़ियों में अंधकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य ! अंधेरा और निस्तब्धता! अंधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी।

21. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए - (4)

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
अभी गीला पड़ा है

**अथवा**

बात सीधी थी पर एक बार
भाषा के चक्कर में
जरा टेढ़ी फँस गई।

22. अपने विद्यालय के प्राचार्य को विद्यालय के बुक-बैंक से पुस्तकें प्राप्त करने हेतु आवेदन लिखिए। (4)

**अथवा**

अपने मित्र को विद्यालय की वार्षिक पत्रिका में रचना के प्रकाशन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – (4)

i. चाँद पर भारत के कदम
ii. प्रदूषण- कितना घातक।
iii. स्वास्थ्य का महत्व
iv. साहित्य और समाज
v. मेरी यादगार रेल यात्रा